कूनो को मिल रही अंतरराष्ट्रीय पहचान : सीएम

वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के खुले जंगल में किया रिलीज

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 4 दिसम्बर. विश्व चीता दिवस पर कूनो नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कूनो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट चीता सफल हो रहा है. चीतों के पुनर्वास ने कूनो और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं. सीएम ने वीरा और उसके शावकों की रिलीजिंग को ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि यह संरक्षण प्रयासों की बड़ी उपलब्धि है.

कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता वीरा ने फरवरी 2025 में दो शावकों को जन्म दिया था. आज गुरुवार को करीब नौ माह बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के पारोंद क्षेत्र के खुले जंगल में रिलीज किया.कार्यक्रम के बाद तीनों चीते सुरक्षित रूप से जंगल में शामिल हो गए. इसके साथ ही खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई है.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिवपुरी के रास्ते से कूनो नेशनल पार्क पहुंचे और चीतों को जंगल में रिलीज किया. रिलीज होते ही चीता ने जंगल की ओर दौड़ लगा दी. सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीरा और उसके दोनों शावकों का खुले जंगल में शामिल होना भारत में चीता पुनर्वास परियोजना की सफलता का मजबूत संकेत है. वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम 24 घंटे निगरानी में लगी है और चीतों के स्वास्थ्य व गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही हैं. चीता दिवस पर मिली यह उपलब्धि कूनो और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय बनी है.

पुस्तक विमोचन और शॉप का भी किया लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने क्लिनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री रेंजिंग चीता इन कूनो नेशनल पार्क पुस्तक का विमोचन किया. इसके साथ ही कूनो शोवेनियर शॉप का लोकार्पण और वर्ष 2025 का विशेष कैलेंडर जारी किया गया. सीएम ने कहा कि इस पहल से पर्यटन और संरक्षण दोनों को नई दिशा मिलेगी.

कूनो में कुल 19 और गांधी सागर में 3 चीते

वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में कुल 19 चीते मौजूद हैं, जबकि गांधी सागर अभयारण्य में भी 3 चीते सुरक्षित रूप से विचरण कर रहे हैं. वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चीतों की निगरानी और सुरक्षा के लिए विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई

अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश जारी कर संरक्षण कार्यों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट चीता भारतीय जैव विविधता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और गर्व की बात है कि अब कई चीते भारत में जन्म ले रहे हैं. प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों से भारत आकर चीतों को करीब से देखने का आग्रह भी किया.

किसानों को मुआवजे के मामले में विपक्ष ने किया वाकआउट

- प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक
- पहले 3 हजार मिलते थे हम 16 हजार दे रहे : सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच किसानों को फसल नुकसान पर मिलने वाले मुआवजे को लेकर जमकर नोंकझोंक हुई. इस मामले में जहां सीएम ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान दिये जाने वाली राशि का जिक्र किया, वहीं नेता प्रतिपक्ष ने भी आज की बात करने की नसीहत सत्ता पक्ष को दी.

इस मामले में सदन में पक्ष-विपक्ष के तेवर तीखे रहे, जब विपक्षी सदस्य सीटों पर खड़े होकर सरकार पर आरोप लगाने लगे और आसंदी के सामने जा पहुंचें तो सत्ता पक्ष के सदस्य भी सीटों पर खड़े होकर जोर-जोर से बोलने लगे, जिससे सदन में शोरगुल की स्थिति बन गई. बाद में विपक्ष ने सरकार पर किसानों को फसलों का मुआवजा नहीं देने का आरोप लगाते हुए वाकआउट कर दिया.

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य बाबू जन्डेल ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी अब तक किसानों के खाते में फसल को हुए नुकसान की मुआवजा राशि नहीं मिलने का आरोप लगाया. इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि किसानों के खाते में संपूर्ण राशि डाल दी गई है. इस पर मुखर होते हुए जन्डेल ने कहा कि प्रति हेक्टेयर 16 हजार रुपये मुआवजा देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक खाते में राशि नहीं आई है.

वहीं मंत्री का कहना था कि मुख्यमंत्री की घोषणा के चार दिन के भीतर किसानों के खाते में राशि डाल दी जाती है. इस पर हस्तक्षेप करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 5 हजार करोड़ रुपये का आकलन किया गया है, लेकिन महज 200 करोड़ रुपये दे रहे हैं, ये तो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. इस पर सदन में मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्योपुर जिले में धान के मुआवजा की बात आई है .श्योपुर जिले में चार गुना तक पैसा दिया गया है, आज तक इतना पैसा नहीं मिला. आपकी सरकार के समय 3 हजार रुपये मिलता था, हम 16 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर दे रहे हैं. जनहानि पर आपके समय 50 हजार मिलते थे, हम 4 लाख रुपये दे रहे हैं. इस बीच कई विपक्षी सदस्य सीटों से खड़े हो गये और सीएम की बातों का विरोध करने लगे, इस पर सीएम ने कहा कि आप तसल्ली से सुनें, सुनने का कलेजा भी चाहिए.

प्रदेश प्रवक्ता ने कमलनाथ से की प्रस्ताव पर चर्चा

विशेष संवाददाता

भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को अपने निवास पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रतिनिधि शहरयार खान के साथ बैठक कर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा की. यह प्रस्ताव स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने, विशेषकर छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने को लेकर प्रस्तुत किया गया.

खान ने अपने प्रस्ताव में युवाओं और महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की योजना का खाका पेश किया.

इसमें किसानों की आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग, उन्नत कृषि पद्धतियों और बेहतर विपणन तंत्र को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार, कमलनाथ ने इस प्रस्ताव में गहरी रुचि दिखाते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के संभावित तरीकों पर विस्तृत चर्चा की.

उज्जैन में स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण 12 से

भोपाल. पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के लिये विभिन्न आयोजन एवं गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. इसी क्रम में मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से उज्जैन में स्काई-डाइविंग के पाँचवे संस्करण का आयोजन 12 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक दताना एयरस्ट्रिप, उज्जैन में किया जाएगा. उज्जैन में दो माह की अवधि के लिए पर्यटक 10 हजार फीट की ऊँचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी के नए और रोमांचकारी दर्शन का अवसर प्राप्त करेंगे.

भाजपा विधायकों ने उठाए सवाल

- कटनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी का मामला
- गलत गैर जमानती धाराएं लगाने का लगाया आरोप

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को सरकार एक साथ चार भाजपा विधायकों के सवालों पर घिर गई.

आखिरकार गृह राज्य मंत्री थाने की स्टाफ के अतिरिक्त उच्च अफसरों से मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला ठंडा हुआ.

ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा के सदस्य प्रणय प्रभात पांडे, डॉ. अभिलाष पाण्डे और संदीप जायसवाल के अलावा संजय पाठक ने कटनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी के संबंध में गैर जमानती गलत धाराएं लगाए जाने का मामला उठाया. उनका कहना था कि नाजिम खान जो कि हथियारों के व्यापारी रहे हैं, 26, 27 अगस्त की दरमियानी रात को उनकी नेम प्लेट जला दी गई थी, जिसमें पुलिस ने नाजायज तरीके से शुभम त्रिपाठी के ऊपर घर जलाने और परिजनों को जलाने की धाराएं लगाई गई, जबकि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि केवल नेम प्लेट जली है. इस मामले में पुलिस ने नाजिम खान के साथ मिलीभगत कर गलत धाराएं लगाई गई और त्रिपाठी को परेशान किया गया. विधायकों का ये भी कहना था कि त्रिपाठी ब्राहमण समाज से आते हैं और उनके दादाजी की समाज में काफी प्रतिष्ठा है, पुलिस की कार्रवाई से ब्राहमण समाज में नाराजगी है.

विपक्ष के सुरेन्द्र हनी सिंह बघेल ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की. इस पर हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस मामले में जांच के बिंदु दे दें, एक-एक बिंदु की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी. सरकार किसी निर्दोष के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. वहीं गृह राज्य मंत्री ने भी भरोसा दिलाया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी.

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की.

साथ ही दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ भी काईवाई की मांग की. उनका तर्क था कि थाने में पुलिस की मौजूदगी में नाजिम खान ने धमकाया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14